an>

Title: Need to address the problem of acute shortage of drinking water in Kanpur Nagar and Kanpur Dehat districts in Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर) ः मैं सरकार को यह अवगत कराना चाहता हूँ कि गंगा और यमुना के मध्य अवस्थित जनपद कानपुर देहात एवं नगर में पेयजल का गम्भीर संकट उत्पन्न हो गया है। लगातार कई वर्षों से अल्प वर्षा के कारण भू-गर्भ जल के स्तर में भारी गिरावट आई है तथा तालाबों, कुँओं एवं बावड़ी आदि पर अवैध कब्जे हो जाने के कारण एवं पूर्व में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लगाए गए हैंडपंपों ने पानी देना बंद कर दिया है जिससे पशुओं एवं आमजन को पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इसके साथ ही, सरकारी नलकूपों के खराब होने तथा नियमित विद्युत आपूर्ति न होने के कारण एवं क्षेत्र के कुँओं, तालाबों एवं रजवाहों में पानी न छोड़े जाने के कारण किसानों के खेत सूख रहे हैं, जिससे फसलें भी नष्ट हो रही हैं। ऐसी परिस्थितियों में प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन भी इस गंभीर समस्या के प्रति पूर्णतया उदासीन है। पशुओं को पानी पिलाने के लिए मीलों दूर नदियों की शरण लेनी पड़ रही है। धीरे-धीरे गंगा-यमुना की सहायक नदियां भी जल विहीन होती जा रही हैं। सूखे की इस विभीषिका के कारण किसान जायद की फसलों की बुआई नहीं कर पा रहा है। यदि समय रहते गंगा-यमुना के मध्य अवस्थित इस क्षेत्र में तालाबों की खुदाई, कुँओं और बावड़ियों का निर्माण सुनिश्चित न किया गया तथा नहरों में जल आपूर्ति न की गयी तो इस क्षेत्र में पालतू पशुओं की महामारी शुरू हो जाएगी और गांवों में रहने वाले ग्रामवासियों को पेयजल के अभाव में मजबूरन पलायन करना पड़ेगा।

अतः इस संबंध में मेरा भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से अनुरोध है कि पानी की भारी किल्लत को समाप्त किये जाने एवं पशुओं के साथ-साथ आम जनमानस की पेयजल की गंभीर समस्या के समाधान हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाकर इस गंभीर समस्या का समाधान किया जाना चाहिए।